सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-348
08/08/2018

जदयू के किसान प्रकोष्ठ के महासचिव प्रशांत सिंह कुशवाहा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 08 अगस्त, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू के किसान प्रकोष्ठ के महासचिव प्रशांत सिंह कुशवाहा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कर्मठ पार्टी कार्यकर्ता के अलावा सरल हृदय व्यक्ति भी थे। मोतिहारी जिला के हरसिद्धि प्रखण्ड के मडलोहिया ग्राम निवासी प्रशांत सिंह कुशवाहा के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******